423. ''अंजुमन–खादिम–उल–इस्लाम'' की स्थापना निम्न में से किस रियासत में हुई थी?

(a) अजमेर (b) जयपुर
(c) जोधपुर (d) अलवर

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (d) : अंजुमन-खादिम-उल-इस्लाम की स्थापना अलवर रियासत में वर्ष 1923 को मेव किसान आंदोलन के नेतृत्वकर्ता मोहम्मद हादी के द्वारा किया गया था।

424. अक्टूबर, 1857 में विद्रोह के समय कोटा में अंग्रेज पोलिटीकल एजेन्ट कौन था?

(a) जॉर्ज लॉरेन्स (b) पैथिक लॉरेन्स
(c) मेजर बर्टन (d) रिचर्ड

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021

Ans. (c) : अक्टूबर, 1857 में विद्रोह के समय कोटा में अंग्रेज पोलिटिकल एजेंट मेजर चार्ली बर्टन था, क्रान्तिकारियों ने अंग्रेज पोलिटिकल एजेंट और उसके दो पुत्रों की हत्या कर सिर काटकर शहर में घुमाया था। इन क्रान्तिकारियों में मेहराब खां पठान रिसालदार और लाला जय दयाल प्रमुख थे।

425. निम्नलिखित युद्धों का सही कालक्रम चुनिए-
(i) हल्दीघाटी का युद्ध
(ii) खानवा का युद्ध
(iii) तराइन का द्वितीय युद्ध
सही कूट चुनिए-

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 1
(c) 3, 2, 1 (d) 1, 3, 2

Basic Computer Anudeshak-18.06.2022

Ans. (c) :

	युद्ध -	वर्ष
(i)	तराइन का द्वितीय युद्ध -	1192 ई.
(ii)	खानवा का युद्ध -	1527 ई.
(iii)	हल्दीघाटी का युद्ध -	1576 ई.

युद्ध	वर्ष	किसके बीच
(i) तराइन का द्वितीय युद्ध	1192 ई.	पृथ्वीराज-II व गोरी
(ii) खानवा का युद्ध	1527 ई.	बाबर व राणा सांगा
(iii) हल्दीघाटी का युद्ध	1576 ई.	अकबर व राणा प्रताप

426. जहाँगीर और सर टॉमस रो की सन 1616 में प्रथम व्यापारिक मुलाकात राजस्थान के किस किले में हुई थी?

(a) अलवर
(b) मांडलगढ़
(c) अकबर का किला (अजमेर)
(d) जयगढ़ (आमेर)

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022

Ans. (c) : मुगल बादशाह अकबर ने इस किले का निर्माण 1571 से 1574 ई. में करवाया था। बादशाह जहाँगीर ने 1613 से 1616 ई. के दौरान यही से सैन्य अभियानों का संचालन किया। 10 जनवरी 1616 ई. को इंग्लैण्ड का सम्राट जेम्स प्रथम का राजदूत सर टॉमस रो अकबर के किले में यही जहाँगीर से मिला था।

427. 'बीठू मेहा के रीवाले' में किसके वीरतापूर्ण कार्यों का वर्णन है?

(a) गोगाजी (b) रामदेवजी
(c) तेजाजी (d) हड़बूजी

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (a) – 'बीठू मेहा के रीवाले' में गोगाजी के वीरतापूर्ण कार्यों का वर्णन है। गोगाजी ने चिनाब नदी के किनारे महमूद गजनवी से युद्ध किया। महमूद गजनवी ने गोगाजी को 'जाहरपीर' (साक्षात देवता) की उपाधि दी थी। गोगाजी को नागों का देवता, हिन्दू धर्म में नागराज का अवतार, मुस्लिम धर्म में गोगापीर आदि नामों से जाना जाता है।

428. जोधपुर के कौन से शासक अपनी रियासत को एक स्वतंत्र इकाई रखना चाहते थे?

(a) महाराजा हनुवन्तसिंह (b) महाराजा उम्मेदसिंह
(c) महाराजा भीमसिंह (d) महाराजा भोपालसिंह

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथि:19-09-2020

Ans. (a) – जोधपुर के शासक महाराजा हनुवन्तसिंह अपनी रियासत को एक स्वतंत्र इकाई रखना चाहते थे। आजादी से पहले राजस्थान को राजपूताना के नाम से जाना जाता था। एकीकरण से पूर्व राजसथान में उन्नीस रियासतें और तीन ठिकाने थे। इन रियासतों का एकीकरण 7 चरणों में करीब 8 साल 7 महीने 14 दिन में पूरा हुआ। 30 मार्च 1949 में जोधपुर, जयपुर, जैसलमेर और बीकानेर रियासतों का विलय होकर वृहत्ता राजस्थान संघ बना।

429. 'गणगौर' का त्यौहार किस महीने में मनाया जाता है-

(a) भाद्रपद (b) कार्तिक
(c) फाल्गुन (d) श्रावण

नोटः गणगौर का त्यौहार 'चैत्र शुक्ल तृतीया' को मनाया जाता है।

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. ( ) – इस प्रश्न को निरस्त कर दिया गया है। गणगौर का त्यौहार राजस्थान व उसके सीमावर्ती राज्यों में मनाया जाता है। यह त्यौहार चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया को आता है। यह पर्व विशेष तौर पर सुहागिन महिलाओं द्वारा सौभाग्य प्राप्ति के लिए किया जाता है।

430. निम्न में से किसने अपने आपको 'हिन्दुस्तान का बादशाह' नाडोल में जनवरी, 1681 ई. में घोषित किया था-

(a) शाहजादा खुर्रम (b) शाहजादा सलीम
(c) शाहजादा दारा (d) शाहजादा अकबर

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (d) – औरंगजेब द्वारा अपने पाँच पुत्रों में से चौथे पुत्र को शाहजादा अकबर को राजपूतों के दमन के लिए भेजा था। राजपूतों ने कूटनीति की सहायता से शाहजादा अकबर को औरंगजेब के विरूद्ध कर दिया तथा शाहजादा अकबर को नाडोल ले जाकर 1 जुलाई 1681 ई. को मुगल सल्तनत का बादशाह घोषित कर दिया था।

431. 'पटवों की हवेली' कहाँ स्थित है?

(a) उदयपुर (b) जैसलमेर
(c) जोधपुर (d) कोटा

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018